भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

**जी 20 अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय**
**संरचना कार्य समूह की बैठक**
**30-31 जनवरी, 2023**
**चंडीगढ़**

**प्रेस विज्ञप्ति, 29जनवरी, 2023**

1. भारत की अध्यक्षता में जी20 के पहले अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना कार्य समूह की बैठक 30-31 जनवरी, 2023 को चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी।

2. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना कार्य समूह जी20 वित्त ट्रैक के तहत महत्वपूर्ण कार्यधाराओं में से एक है जो कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित रखता है। इसका उद्देश्य कमजोर देशों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान करना भी होगा।

3. दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए जी20 के सदस्यों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लगभग 100 प्रतिनिधि चंडीगढ़ पहुंचेंगे।

4. बैठक का उद्घाटन माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, श्री नरेंद्र सिंह तोमर और माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, श्री पशुपति कुमार पारस करेंगे। दो दिवसीय बैठक के दौरान चर्चा, संयुक्त रूप से वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, और साथ में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना कार्य समूह के सह-अध्यक्षों, फ्रांस और दक्षिण कोरिया द्वारा, संचालित की जाएगी।

5. बैठक में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना की स्थिरता और सामंजस्य को बढ़ाने के तरीकों और 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए इसे कैसे योग्य बनाया जाए, इस पर चर्चा होगी। बैठक में गरीब और कमजोर देशों को अधिकतम सहायता प्रदान करने के तरीके ढूँढने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

6. 30 जनवरी 2023 को जी20 कार्य समूह की बैठक के मौके पर, 'सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्राएं (सीबीडीसी): अवसर और चुनौतियां' नामक जी20 का एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य देश के अनुभवों को साझा करना और सीबीडीसी के वृहत् यथोचित निहितार्थों की गहरी समझ विकसित करना है।

7. इस बैठक से पहले, चंडीगढ़ में शहर भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जो भारत की अध्यक्षता के तहत जी 20 कार्यक्रमों में व्यापक 'जन-भागीदारी' और रुचि का संकेत देते हैं। चंडीगढ़ में 25 जनवरी, 2023 को "सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसीज: द इंडियन स्टोरी" पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई थी। इन आयोजनों का उद्देश्य 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता और इसके विषयवस्तु "वसुधैव कुटुम्बकम" या "एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य" के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

8. भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान, यह कार्य समूह मार्च, जून और सितंबर में भारतीय अध्यक्षता के तहत निर्धारित प्राथमिकताओं पर चर्चा जारी रखने के लिए आगे बैठक करेगा।

9. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना कार्य समूह की बैठक में हुई चर्चाओं से जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) को भारत के जी20 वित्त ट्रैक के तहत संबंधित प्राथमिकताओं पर प्रमुख विचार-विमर्श के बारे में सूचना प्राप्त होगी। जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक 24-25 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में होने वाली है।

***